# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक रू0वि0/प0नि0का0/2026/1378 दिनांकः 02.09.2026

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय द्वारा रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु पूर्व में दिनांक 25.08.2026, 26.08.2026 27.08.2026, 31.08.2026, 01.09.2026 एवं 02.09.2026 को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थें। इसके उपरांत अनुपस्थित छात्राओं को पुनः अवसर प्रदान किया गया तथा जिन छात्राओं द्वारा अभी तक आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उन्हें अंतिम अवसर प्रदान किया गया है।

ऐसी छात्राएं दिनांक 03.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपस्थित होकर अपने अभिलेख जमा कर सकती हैं। निर्धारित अवधि में अभिलेख प्रस्तुत न करने वाली छात्राओं को योजना हेतु अभिलेख प्रस्तुत करने का इच्छुक नहीं माना जाएगा।

साथ ही, जिन छात्राओं के अभिलेखों में कमी अथवा त्रुटि है अथवा जिनके दस्तावेजों का सत्यापन लंबित है, उन्हें भी 03.09.2026 को अंतिम अवसर प्रदान किया गया है।

अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु APAAR ID, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, श्रेणी, नवीनतम निवास प्रमाण–पत्र एवं आय प्रमाण–पत्र के आवेदन संख्या आईडी, समस्त सेमेस्टर की अंकतालिकाएं तथा आधार कार्ड अनिवार्य हैं।

यह भी स्पष्ट किया गया है कि परिवार की वार्षिक आय रू0 12 लाख से अधिक होने अथवा उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी न होने वाली छात्राएं योजना हेतु पात्र नहीं हैं। जिन छात्राओं ने पूर्व में सभी आवश्यक अभिलेख जमा कर दिए हैं, उन्हें पुनः उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है।

अतः उक्त सूचना के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं संबंधित छात्राओं को समयबद्ध रूप से सूचित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

अभिलेख जो प्रस्तुत करने अनिवार्य है–

1- APAAR ID
2- Date Of Birth
3- Mobile No (जो आधार से लिंक हो)
4- Category
5- Latest Domicile Application No. (Issued by E-District Portal)
6- Latest Domicile ID (Issued by E-District Portal)
7- Latest Income Application No. (Issued by E-District Portal)
8- Latest Income Certificate Id (Issued by E-District Portal)
9- Graduation Marksheets (All Semester)
10- Adhar Card

उपरोक्त योजना के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु निम्नलिखित से सम्पर्क कर सकते है–

- प्रो0 अजीत सिंह, नोडल अधिकारी, रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना (मो0 8218923996)
- श्री मनोज कुमार पाण्डेय, प्रधान सहायक (मो0 9368185682)

02.9.26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रो0 अजीत सिंह, नोडल अधिकारी, रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना।
2. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
3. मीडिया प्रभारी।
4. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।
5. संबंधित पत्रावली।

02.9.26
परीक्षा नियंत्रक